निरीक्षण — महापौर ने किया शहर के वार्डों का पैदल भ्रमण, सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, नाले-नालियों की बेहतर सफाई के निर्देश

# महापौर ने किया संवाद, लिया सफाई का फीडबैक



**नवभारत, कटनी।** बारिश के मौसम के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो, नागरिकों को बेहतर स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके, इस उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार सुबह मदन मोहन चौबे वार्ड, फॉरेस्टर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश हैं। महापौर ने वार्डों की विभिन्न गलियों में पैदल भ्रमण कर नाले-नालियों की स्थिति का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व सभी गलियों, नालों और नालियों की नियमित, प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान किसी भी बस्ती में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हो। उन्होंने कहा कि जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। महापौर ने पिछले दिनों भी वार्डों में पहुंचकर साफ-सफाई और जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया था, संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। उन्हीं निर्देशों के बाद क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर चल रहे सफाई कार्यों, नाले-नालियों की सफाई और व्यवस्थाओं की प्रगति का जायजा लिया, ताकि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्रीय नागरिकों से सीधे संवाद कर सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी लिया। नागरिकों ने कई स्थानों पर नियमित सफाई होने पर संतोष व्यक्त किया, वहीं कुछ स्थानों पर अतिरिक्त सफाई की आवश्यकता भी बताई, जिस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर ने नागरिकों से शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि घरों और दुकानों का कचरा सड़कों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों पर न फेंका जाए, बल्कि निर्धारित स्थानों, कचरा वाहनों में ही डाला जाए, ताकि स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहे और नालियां अवरुद्ध नहीं हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित शहर निर्माण में नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों की सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। सभी लोग जिम्मेदारी के साथ स्वच्छता नियमों का पालन करेंगे तो शहर को जलभराव, गंदगी और बीमारियों से काफी हद तक मुक्त रखा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी उपस्थित रहे।



# कार-ट्रक में भीषण भिड़ंत, दो की मौत, तीन गंभीर

कुठला थाना क्षेत्र के चाका बाईपास में हुआ हादसा

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत गुरुवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चाका बाईपास के समीप एक कार और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल कुठला थाना पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही कुठला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की सहायता से कार में फंसे घायलों और शवों को बाहर निकाला। सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। तीन घायलों का उपचार किया जा रहा है। जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि हादसे का शिकार हुए सभी लोग उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। वे उज्जैन से महाकाल दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे। मृतकों में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के कुंडा निवासी अमित सिंह शामिल हैं। एक अन्य मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घायलों में प्रीतम सिंह, प्रयागराज निवासी विवेक राजपूत और सूर्यांश सिंह शामिल हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रक और कार को जब्त कर लिया गया है। मृतकों के परिजनों को उत्तर प्रदेश में सूचना भेज दी गई है। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की टीम घायलों का इलाज कर रही है, घायलों में दो की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। अज्ञात मृतक की पहचान करने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है।


एक नजर में

## जिला अस्पताल पार्किंग परिसर से बाइक चोरी

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत जिला अस्पताल परिसर से मोटर साइकिल चोरी की वारदात ने पुलिस के प्रभावी गश्त व्यवस्था के दावों की पोल खोल दी है। बैखोप चोर ने जिला अस्पताल परिसर की पार्किंग से मोटर साइकिल चोरी कर फरार हो गए हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के संत नगर जगमोहन दास वार्ड निवासी 39 वर्षीय अखिलेश पुरवार 19 मई को किसी काम से जिला अस्पताल आए हुए थे। उन्होंने रात करीब आठ बजे अपनी मोटरसाइकिल को अस्पताल परिसर में बनी पार्किंग में खड़ा किया था। जब वे वापस लौटे, तो पार्किंग से उनकी मोटरसाइकिल नहीं थी। अखिलेश ने आसपास काफी खोजबीन की और लोगों से पूछताछ की, लेकिन मोटर साइकिल का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद अखिलेश पुरवार ने कोतवाली थाने में मोटर साइकिल चोरी किए जाने की शिकायत की है। पुलिस ने अज्ञात चोर पर मामला दर्ज कर चोरी की गई मोटर साइकिल की तलाश शुरू कर दी है। चोरी की गई मोटर साइकिल की कीमत करीब दस हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस टीम चोर को पकड़ने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देख रही है। पुलिस चोरी करने वाले पुराने बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

# टेम्प्रेचर का टॉर्चर : 42 पर पहुंचा जिले का तापमान

स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गर्मी से बचने की एडवायजरी



**नवभारत, कटनी।** भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। गुरुवार को जिले का तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया, जो दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक स्थिर बना रहा। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण शहर की मुख्य सड़कों और बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहा। आमतौर पर व्यस्त रहने वाले शहर के व्यावसायिक इलाकों और चौराहे दोपहर में सूनसान रहती हैं। लोग बढ़ती गर्मी और झुलसाने वाली धूप से बचने के लिए घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। सिर्फ आवश्यक कार्यों के लिए ही लोग पूरे शरीर को ढंककर बाहर निकल रहे हैं। सड़कों के किनारे गन्ने के रस, लस्सी और छाछ के स्टालों पर ही कुछ हलचल देखी गई। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवायजरी जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग की ओर से जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, प्यास न लगने पर भी लगातार पानी, ओआरएस घोल, नींबू पानी या छाछ पीते रहें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। दोपहर के समय भारी, तला-भुना और मसालेदार भोजन नहीं करें।

# पक्षपात पूर्ण कार्रवाई का आरोप, भीम आर्मी ने किया चक्काजाम

कार्रवाई नहीं हुई तो किया जाएगा उग्र आंदोलन



**नवभारत,कटनी।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत पिपरिया में काम करने गई दलित महिला के साथ मारपीट की घटना के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन और सामाजिक संगठनों ने बस स्टैंड पर करीब 2 घंटे तक चक्का जाम किया। आंदोलनकारियों ने बताया कि आरोपी पटवारी नंदकिशोर उर्फ गुड्डू पटेल ने पीड़ित महिला के साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया, जिसका वीडियो भी मौजूद है। इस मामले में थाना प्रभारी बहोरीबंद ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए थाना प्रभारी का रवैया बेहद सहयोगात्मक रहा, जिसकी समाज के लोगों ने सराहना की। लेकिन समाज का आरोप है कि तहसीलदार आशीष अग्रवाल की लापरवाही के कारण आरोपी को जमानत मिल गई। आंदोलनकारियों ने प्रशासन पर जातिगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले बाकल थाने से जिस धारा में 6 चौधरी समाज के लोगों को तहसीलदार आशीष अग्रवाल द्वारा जेल भेजा था, उसी धारा में दलित महिला के मामले में आरोपी को जमानत दे दी गई। यह दोहरा मापदंड होने के साथ ही तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर मौके पर अधिकारी पहुंचे और ज्ञापन लेकर कार्रवाई के लिए समय मांगा।

जिस पर भीम आर्मी के संभाग अध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध ने सभी आंदोलनकारियों की सहमति से 12 घंटे का समय दिया और चेतावनी दी कि 12 घंटे के अंदर आरोपी नंदकिशोर को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सुबह फिर से उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# दस लाख हड़पे, वापस मांगने पर महिला को दे रहे जान से मारने की धमकी

पीड़ित महिला ने एसपी से की शिकायत, कार्रवाई की मांग



**नवभारत, कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र में जमीन सौदा कराने के नाम पर दस लाख रूपए की धोखाधड़ी की गई है। मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एनकेजे थाना क्षेत्र की बजरंग कॉलोनी निवासी रेखा पाठक ने शिकायत में आरोप लगाया गया कि बसाड़ी गांव निवासी सुभाष रजक और रमेश पटेल ने मिलकर ग्राम मिर्जा स्थित खसरा नंबर 30/2 और 30/3 की जमीन का सौदा 17 जनवरी 2025 को उनके ससुर कमलाकांत पाठक के साथ किया था। शिकायत के अनुसार यह जमीन असल में श्रीनिवास राजपूत के नाम दर्ज है, लेकिन उनकी अनुमति और हस्ताक्षर के बिना ही इकरारनामा तैयार कर 10 लाख रुपए नगद बयाना के रूप में ले लिए गए। रेखा पाठक का आरोप है कि इस इकरारनामे को रमेश पटेल ने अपनी हैंडराइटिंग में लिखा था। दस्तावेज पर सुभाष रजक, रमेश पटेल और गवाहों के हस्ताक्षर हैं, लेकिन असली भूमिस्वामी के हस्ताक्षर नहीं कराए गए। उन्होंने बताया कि ससुर के निधन के बाद जब उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री कराने या पैसे वापस करने की बात कही तो आरोपी मुकर गए। पीड़िता का कहना है कि पैसे मांगने पर आरोपियों ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए कार्रवाई से बचने की बात भी कही। रेखा पाठक ने खुद को अपने दिवंगत ससुर की कानूनी वारिस बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने सहित 10 लाख रुपए की राशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत की जांच शुरू कर दी है।

# घर की बजाय अस्पतालों में गूंज रही किलकारियां

संस्थागत प्रसव के मामले में स्वास्थ्य विभाग को मिली सफलता



**नवभारत, कटनी।** जिले में मातृ और शिशु सुरक्षा के क्षेत्र में एक स्वास्थ्य विभाग को बड़ी सफलता मिली है। जिले के सरकारी और निजी अस्पताल में होने वाले संस्थागत प्रसव का आंकड़ा लगभग शत-प्रतिशत तक पहुंच गया है। हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम की ओर से जारी किए गए अप्रैल 2025 से 31 मार्च तक के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष में 23,234 प्रसव दर्ज किए गए। इनमें से 23,223 प्रसव सरकारी और निजी अस्पतालों में सुरक्षित रूप से कराए गए। पूरे जिले में घर पर प्रसव के सिर्फ 11 मामले सामने आए हैं। प्रतिशत के अनुसार जिले में संस्थागत प्रसव की दर लगभग 99.94% रही, जबकि घर पर प्रसव का प्रतिशत मात्र 0.06% दर्ज किया गया। स्वास्थ्य विभाग इस सफलता का श्रेय ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ पहुंच, आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं की जमीनी सक्रियता और लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों को दे रहा है। कुछ वर्षों पहले तक जिले के ग्रामीण इलाकों में जागरूकता के अभाव, परिवहन सुविधाओं की कमी और स्वास्थ्य केंद्रों की दूरी के कारण घर पर प्रसव होना एक आम बात थी। घर पर प्रसव होना जोखिम भरा कार्य होता था मां और नवजात को दोनों की मृत्यू की आशंका रहती थी। लेकिन बीते कुछ समय में जमीनी स्तर पर स्थितियों में तेजी से सुधार हुआ है। जननी एक्सप्रेस की उपलब्धता, शासन की ओर से दी जाने वाली निशुल्क प्रसव सुविधाएं दी जाती है। गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी ने महिलाओं को अस्पतालों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वास्थ्य विभाग की रणनीति के तहत गर्भवती महिला का पंजीकरण होते ही आशा और एएनएम कार्यकर्ता उनसे लगातार संपर्क में रहती हैं। प्रसव की संभावित तिथि नजदीक आने पर स्वास्थ्य अमला हाई अलर्ट पर रहता है।

प्रसव पीड़ा शुरू होते ही एम्बुलेंस के माध्यम से महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया जाता है। जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के प्रयासों का सकारात्मक असर देखने को मिला है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक जिले में 23 हजार 234 प्रसव दर्ज किए गए, जिनमें से 23 हजार 223 प्रसव अस्पतालों में हुए। केवल 11 मामलों में ही घर पर प्रसव हुआ। आंकड़ों के अनुसार कटनी विकासखंड में सबसे अधिक 9 हजार 970 प्रसव दर्ज किए गए, जिनमें सिर्फ एक प्रसव घर पर हुआ। वहीं विजयराघवगढ़ विकासखंड ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए पूरे वर्ष में शून्य होम डिलीवरी का रिकॉर्ड बनाया। बड़वारा और रीठी विकासखंड में भी स्थिति काफी बेहतर रही, जहां सिर्फ एक-एक घर पर प्रसव का मामला सामने आया। बहोरीबंद विकासखंड में घर पर प्रसव के 6 मामले दर्ज हुए, जो जिले में सबसे अधिक हैं, लेकिन इसके बावजूद यहां संस्थागत प्रसव का प्रतिशत 99 फीसदी से अधिक रहा। ढीमरखेड़ा में 2 घर पर प्रसव दर्ज किए गए। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि लगातार जागरूकता अभियान और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ने से यह सुधार संभव हुआ है। सीएमएचओ डॉ राज ठाकुर ने बताया कि जिले की इस उपलब्धि के पीछे आशा कार्यकर्ता, एएनएम और आंगनबाड़ी कर्मचारियों की मेहनत है। उन्होंने घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं और परिजनों को अस्पताल में प्रसव के फायदे समझाए। ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल, स्वास्थ्य शिविर और परामर्श कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ाई गई। उन्होंने कहा कि अब विभाग का अगला लक्ष्य प्रसव के बाद मां और नवजात की बेहतर देखभाल, सही पोषण और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना है।

# सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में टॉप टेन में जिला

कलेक्टर ने की अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना

**नवभारत, कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी टॉप टेन जिलों में शामिल है। कटनी जिले में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से प्रथम समूह के 28 जिलों में सातवां स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा बुधवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 84.01 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर सातवां स्थान अर्जित किया है। कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में सातवें स्थान पर रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले ने बीते अप्रैल माह में प्राप्त कुल 9 हजार 777 शिकायतों में से 50.58 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर कुल 84.01 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले करीब 16 माहों से लगातार प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला प्रशासन के अमले को और भी जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है।

# बिना लाइसेंस खाद्य प्रतिष्ठान के संचालन पर कार्रवाई, 25 हजार का लगा जुर्माना

**नवभारत, उमरियापान।** बिना वैध लाइसेंस के खाद्य प्रतिष्ठान संचालित करने के मामले में न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री नीलांबर मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत इंदिरा नगर स्थित अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज के मालिक पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार 25 जून 2025 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा ने प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद मैनेजर मनोज यादव से वैध खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह इसे दिखाने में असमर्थ रहे। जांच में सामने आया कि प्रतिष्ठान के वास्तविक मालिक आकाश कुमार गुप्ता हैं, जो उस समय मौके पर मौजूद नहीं थे। बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार का संचालन करना खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा का उल्लंघन पाया गया। इसके बाद प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के बाद जुर्माना की कार्रवाई की गई है।

बैठक — कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में जलाशय परियोजनाओं पर की गई चर्चा

# ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के माध्यम से तैयार करें दावा, कराया जाए अनुमोदन



**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रमुख जलाशयों की प्रगति, वन भूमि विवादों के निपटारे और वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर मौजूद रहे। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री जल संसाधन द्वारा बताया गया कि धरमपुरा जलाशय परियोजना के डूब क्षेत्र की केएमएल फाइल और अक्षांश-देशांस लेकर वन विभाग द्वारा रकबे की पुष्टि कर ली गई है। वर्तमान में स्टेज-1 की स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिस पर कलेक्टर ने वनमंडलाधिकारी गंगवार को 3 दिनों के भीतर ईडीएस भाग-2 की कार्रवाई पूरी पूर्ण करने और जल संसाधन विभाग को केएमएल फाइल में सुधार करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार पाली जलाशय परियोजना में वन भूमि के बदले ग्राम कुदरा में 20.17 हेक्टेयर राजस्व भूमि दी गई है। कलेक्टर ने आगामी शनिवार को राजस्व, वन और जल संसाधन विभाग की संयुक्त उपस्थिति में इस भूमि का सीमांकन कराने के निर्देश तहसीलदार ढीमरखेड़ा को दिए। साथ ही जल संसाधन विभाग को परिवेश पोर्टल पर वन भूमि व्यपवर्तन के लिए आवेदन करने निर्देशित किया। वहीं गिदुरहा जलाशय के डूब क्षेत्र की भूमि को लेकर वन विभाग और राजस्व विभाग के बीच विवाद की स्थिति सामने आई है। वन विभाग द्वारा अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद के पूर्व आदेश को अमान्य किए जाने पर, कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच राज्य स्तरीय समिति से कराने का निर्णय लिया है, जिसके लिए राज्य शासन को पत्र भेजा जाएगा। साथ ही इस प्रकरण में धारा 19 की कार्रवाई विवरण प्रस्तुत करने के लए वनमंडलाधिकारी को निर्देशित किया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि वर्तमान में यहां कट-ऑफ की खुदाई और नहर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। जलाशय निर्माण से प्रभावित भूमियों के वन सीमा विवाद का निराकरण में अंतिम निर्णय लिया जाना शेष है। बैठक में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामुदायिक वनों के संसाधन, संरक्षण, प्रबंधन के अधिकार की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राजस्व ग्राम के छोटे-बड़े झाड़ के जंगल या वन सीमा से लगे समस्त गांवों में ग्रामों मे सीएफआरआर दावे ग्राम वन अधिकार समिति को सौंपा जाना है। वन ग्राम में ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के माध्यम से दावा तैयार कर किए जाएं। कलेक्टर तिवारी ने इन दावों को ग्राम सभा से अनुमोदित कराकर उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधिकारियों की मौजूदगी रही।


## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी, जिला-कटनी (म.प्र.)

महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 26 मिशन चौक के पास कटनी,(म.प्र.) पिन कोड- 483501

क्रमांक/385/लो.नि.वि./निर्माण/2026 — कटनी, दिनांक 05/05/2026

### द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_507222_1 | रामजानकरी हनुमान वार्ड में प्रेमनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने गली में मंदिर के पास एवं राममनोहर लोहिया वार्ड में उपलब्ध शासकीय भूमि में ऑगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य। | 150 Days 26,53,242/- | 5,000/- 19,898/- | 28/05/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम कटनी